सूर्योदय 6:00 सूर्यास्त 6:33
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 31.2
न्यूनतम 23.2

अशिक्षित को शिक्षा दो,
अज्ञानी को ज्ञान,
शिक्षा से ही बन सकता है,
भारत देश महान।

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2019-21 | मूल्य 1/-


# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | सम्पर्क सूत्र: ( कार्यालय ) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-248 | बुधवार 08 सितम्बर, 2021 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-द्वितीया, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है**

इस बार सरकार आने पर मूर्ति व पार्क बनाने की जगह पूरी ताक़त प्रदेश की तक़दीर बदलने में लगाएंगे : मायावती



देखना यह है कि सूबे की तक़दीर से किसकी तक़दीर मैच खाती है?....

# मुजफ्फरनगर में किसकी कोठी आ रहे थे 9 किलो सोने के बिस्कुट

**❒डीआरआई ने लखनऊ एयरपोर्ट पर रियाद के फ्लाइट में तस्करी कर लाए तस्कर और सहयोगी हवलदार को दबोचा ❒सोने के मालिक की तलाश में बुधवार सुबह पहुंचेगी डीआरआई की टीम**

मुजफ्फरनगर, 7 सितंबर ( बु. )। डायरेक्टरेट ऑफ रिवेन्यू इंटेलिजेंस ( डीआरआई ) टीम ने लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से रियाद से तस्करी कर लाया गया साढ़े चार करोड़ रुपये कीमत के सोने के बिस्कुट बरामद किए हैं। पकड़े गए तस्कर ने खुलासा किया कि पकड़ा गया सोना लेकर वह मुजफ्फरनगर जा रहा था। पुलिस की टीम तस्कर को लेकर अब मुजफ्फरनगर आ रही है, ताकि उसके मालिक तक पहुंचा जा सके।

लखनऊ के चौधरी सिंह एयरपोर्ट से यह सोना डीआरआई की टीम ने एक सूचना के आधार पर बरामद किया है। सुबह से टीम तस्कर की तलाश में जुटी थी। आरोपी तस्कर एक हवलदार की मदद से सुरक्षित निकलने में कामयाब हो गया था। डीआरआई की टीम ने कार में उसका पीछा कर दबोचा है। तलाशी में 9 किलो विदेशी सोना मिलने के बाद डीआरआई की टीम ने तस्कर से सख्ती से पूछताछ की, जिसके आधार पर सहयोगी हवलदार की गिरफ्तारी हुई। डीआरआई के अधिकारियों ने लखनऊ में बताया कि आरोपी सोने के बिस्कुट क अंडरवियर से बनी अपनी बेल्ट में सिलकर रखे हुए था। बरामद सोने का वजन नौ किलो है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत साढ़े चार करोड़ रुपये बताई जा रही है। आरोपी से बरामद सोने के बारे में पूछताछ की, तो पता चला कि यह सोना मुजफ्फरनगर ले जाया जा रहा था। कस्टम के एक हवलदार की सहयोग से वह सोने को उसने एयरपोर्ट से बाहर निकाला है। डीआरआई अफसरों की मानें तो सोने के मालिक को पकड़ने के लिए एक टीम मुजफ्फरनगर भेजी गई है। उसके पकड़े जाने के बाद पूरा सच सामने आ पायेगा। रियाद से लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर आने वाली फ्लाइट में दो यात्री सोने के बिस्कुट की तस्करी करने की जानकारी पहले से थी। उसी आधार पर तस्कर को पकड़ा गया है। इस खबर के बाद से मुजफ्फरनगर में खलबली मची है। हर कोई यह जानना चाहता है कि तस्करी कर लाए गए साढ़े चार करोड़ रुपये के सोने के 77 बिस्कुट का मालिक कौन है। बुधवार सुबह तक आरोपी का चेहरा बेनकाब होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## अफगानिस्तान में मुल्ला मोहम्मद हसन अखुंद प्रधानमंत्री बने

अफगानिस्तान, 7 सितंबर ( नेट )। अफगानिस्तान में राजनीतिक संकट के बीच तालिबान ने मंगलवार देर शाम नई सरकार का एलान कर दिया। मुल्ला मोहम्मद हसन अखुंद अफगानिस्तान में तालिबानी सरकार के नए प्रधानमंत्री होंगे। इसके अलावा मुल्ला बरादर को उप-प्रधानमंत्री, सिराजुद्दीन हक्कानी को कार्यवाहक गृहमंत्री, मुल्ला याकूब को रक्षा मंत्री और अमीर मुत्तकी को विदेश मंत्री बनाया गया है। खास बात यह है कि इस एलान के बाद तालिबान के सर्वोच्च नेता ने नई सरकार से शरिया कानून बनाए रखने के लिए कहा है। अफ़गानिस्तान में तालिबान की यह कार्यवाहक सरकार है। तालिबान की शक्तिशाली नीति निर्धारक समिति 'रहबरी शूरा' के प्रमुख मुल्ला मोहम्मद हसन अखुंद को प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव तालिबान के शीर्ष नेता मुल्ला हेबतुल्ला अखुंदजादा ने किया। वहीं अमेरिका से बातचीत करने वाले मुल्ला अब्दुल गनी बरादर को उप प्रधानमंत्री बनाया गया है, जबकि हक्कानी नेटवर्क के प्रमुख सिराजुद्दीन हक्कानी को गृहमंत्री का पद सौंपा गया है। सरकार में गैर तालिबानियों का प्रतिनिधित्व नहीं है, जो विश्व बिरादरी की सबसे बड़ी मांग रही है। अफ़गानिस्तान पर कब्जा करने के तीन हफ्ते बाद तालिबान ने कार्यज़्वाहक सरकार की घोषणा की है। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने प्रेस वार्ता में कार्यवाहक सरकार की रूपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फिलहाल कार्यवाहक मंत्रिमंडल सरकार की जिम्मेदारी संभालेगा। तालिबान ने अभी चुनाव कराने के कोई संकेत नहीं दिए हैं।

## देर रात जीआईसी कॉलेज की सफाई का जिम्मा रालोद ने संभाला

**❒राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में हर तरफ बिखरी पड़ी गंदगी, बारिश के कारण दूर तक फैल रही बदबू ❒मंगलवार को छात्र-छात्राओं को गंदगी के बीच से जाना पड़ा स्कूल ❒किसान महापंचायत में आए किसानों के लिए लगाया गया था भंडारा, हर कदम पर लगे कूड़े के ढेर ❒महापंचायत खत्म होने के बाद आयोजकों ने सफाई के लिए मुड़कर नहीं देखा**

मुजफ्फरनगर, 7 सितंबर ( बु. )। किसानों की महापंचायत के चलते शिक्षा का मंदिर तीन दिन से कूड़े के ढ़ेर में तब्दील था। राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में लगाए गए भंडारे के चलते हर कदम पर कूड़े के ढेर लगे हैं। ऊपर से हुई बारिश ने हालात को और बद से बदतर बना दिया है। गंदगी से निकल रही बदबू ने स्कूल आए छात्र-छात्राओं की नाक में दम किए रखा। महापंचायत की कामयाबी पर अपनी पीठ थपथपाने में मशगूल आयोजकों ने आज तक पीछे मुड़कर नहीं देखा। देर रात रालोद कार्यकर्ताओं को उक्त कूड़े की सुध लेने की फुर्सत मिली, रात में ही रालोद द्वारा राजकीय इण्टर कॉलेज में सफाई का बीड़ा उठाया गया।

संयुक्त किसान मोर्चा की किसान महापंचायत निःसंदेह ऐतिहासिक रही है, लेकिन उसका दंश शिक्षा के मंदिर को झेलना पड़ रहा है। दरसअल राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में महापंचायत हुई थी और कॉलेज परिसर में किसानों के लिए लंगर लगाया गया था। 24 घंटे में हजारों की संख्या में किसानों ने यहां भोजन किया था। लंगर लगाने वालों ने ऐसा कोई इंतजाम नहीं किया था कि पत्तलों, गिलास आदि को एक स्थान पर एकत्र किया जा सके। इसका परिणाम यह हुआ कि जिसका जहां मन हुआ उसने वहां कूड़ा फेंक दिया। महापंचायत को हुए आज यानि मंगलवार को तीसरा दिन था, लेकिन पूरा कॉलेज परिसर गंदगी से अटा पड़ा था। मेन गेट से लेकर कमरों के चारों तरफ और दोनों मैदानों में गंदगी ही गंदगी थी। बारिश ने स्थिति को और बिगाड़ने में सहयोग किया। गंदगी का आलम यह है कि हर तरफ बदबू ही बदबू है। कुछ लोग तो पेट की गंदगी तक मैदान में निकालकर गए हैं। मंगलवार को स्कूल खुला, तो छात्र-छात्राओं को उसी गंदगी से होकर गुजरना पड़ा। पढ़ाई के दौरान कमरों तक बाहर फैली गंदगी की बदबू आती रही। कॉलेज प्रशासन को अब इस रायते को समेटने के लिए ऐड़ी से चोटी के जोर लगाने पड़ रहे है। कॉलेज में ले देकर एक चपरासी के सहारे इस गंदगी को हटाना नामुमकिन है। काफी प्रयासों के बाद नगर पालिका की टीम को मदद के लिए बुलाया गया है। इतनी गंदगी को समेटने में पालिका के कर्मचारियों को कम से कम 24 घंटे का समय जरूर लगेगा। बड़ी बात यह है कि महापंचायत संपन्न होने के बाद किसी आयोजक ने शिक्षा मंदिर की दुर्दशा को मुड़कर नहीं देखा। भाकियू से जुड़ी महापंचायत होने के कारण कॉलेज प्रशासन कुछ भी बोलकर किसी तरह की आफत को मोल लेना नहीं चाहता है। ऐसा ही हाल राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान का है, जहां गंदगी बिखरी पड़ी है। तीसरे दिन में टेंट ना उतरने के कारण यहां अभी कई दिन और सफाई की उम्मीद ना के बराबर है। देर रात रालोद कार्यकर्ता राजकीय इण्टर कॉलेज पहुंचे और उक्त कूड़े को अपनी जिम्मेदारी लेकर साफ करने का कार्य शुरू कर दिया। हालांकि पूरी रात में भी उक्त सफाई का काम सम्पन्न हो जाने की सम्भावनाएं नहीं थी, मगर उम्मीद की जा रही है कि बुधवार की दोपहर तक रालोद कार्यकर्ता पूरे राजकीय इण्टर कॉलेज की सफाई कर देंगे।



राजकीय इण्टर कॉलेज प्रांगण में फैला गंदगी का ढेर व कॉलेज की दीवारों पर लिखा गांधी का स्वच्छता पर आधारित स्लोगन।

## एक देश की सरकार का हुआ गठन तो मोती महल में छूटने लगे पटाखे ?

मुजफ्फरनगर, ७ सितम्बर (बु.)। कोतवाली क्षेत्र के मोती महल में कुछ लोगों द्वारा जमकर पटाखे फोड़े गए। पटाखे फोड़ने का कारण तो सभी को पता है, मगर कोई बोलने को तैयार नहीं हुआ। दबी जुबां में सबने स्वीकार किया कि मंगलवार की रात एक देश की सरकार के गठन की घोषणा होते ही एकाएक पटाखे छूटने लगे। पहले तो मोती महल में रहने वाले लोगों को यह समझ नहीं आया कि आखिर यह पटाखे फूटे क्यों? मगर बाद में क्षेत्र के लोगों ने स्वयं मीडिया को इसकी सूचना दी कि लगभग ४५ मिनट तक थोड़ी-थोड़ी देर रुककर पटाखे छोड़े गए हैं, और पटाखे क्यों छोड़े गए हैं, क्षेत्र के लोगों ने दबी जुबां में यह बात भी स्पष्ट कर दी, मगर उक्त सूचना नाम न लिखने की शर्त पर मीडिया को दी गयी और यह भी बताया गया कि उक्त पटाखेबाजी किसी विवाह समारोह की नहीं थी और न ही किसी समुदाय का कोई त्यौहार ऐसा था, जिसमें आतिशबाजी हो सके। अचानक हुई इस आतिशबाजी से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गयी और लोग अपने घरों की छतों पर यह देखने के लिए पहुंचे कि आखिर उक्त आतिशबाजी हो क्यों रही है? उक्त आतिशबाजी का कारण भी लोगों को साफतौर पर पता चल गया लेकिन कोतवाली पुलिस ने इस सम्बन्ध में न कोई जानकारी हासिल करने का प्रयास किया और न ही क्षेत्र में जाकर यह पूछताछ कि आखिर उक्त आतिशबाजी हुई क्यों? बड़ी बात यह है कि यह आतिशबाजी किसी एक घर से नहीं हुई, उक्त आतिशबाजी कई युवकों द्वारा अलग-अलग घरों से की गयी। अब देखना यह होगा कि उक्त आतिशबाजी की सूचना मीडिया के साथ साथ पुलिस को भी देता है अथवा नहीं।



